गुरुवार
21 सितंबर 2023

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज




यातायात पुलिस बल में अब 35 वर्ष से अधिक उम्र के सिपाही नहीं रहेंगे

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

## सुनहरा अध्याय: बिल के समर्थन में 454 और विरोध में पड़े 2 वोट, आज राज्यसभा में होगा पेश

# महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास

- राज्यसभा में पास होने के बाद बिल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साइन के लिए भेजा जाएगा
- राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद बिल बन जाएगा कानून
- बिल के मुताबिक, लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए लागू किया जाएगा 33% रिजर्वेशन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) बुधवार को दो-तिहाई बहुमत से लोकसभा से पास हो गया। बिल के समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने पर्ची से वोटिंग कराई। गुरुवार को इस बिल को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साइन के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। महिला आरक्षण बिल के मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% रिजर्वेशन लागू किया जाएगा। लोकसभा की 543 सीटों में से 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। ये रिजर्वेशन 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा व विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा। अमित शाह ने संकेत दिया कि यह विधेयक 2029 के बाद अमल में आएगा।



## महिला सशक्तिकरण बीजेपी के लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं : शाह



लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर बहस के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कुछ पार्टियों के लिए महिला सशक्तिकरण एक राजनीतिक एजेंडा और चुनाव जीतने का राजनीतिक उपकरण हो सकता है, लेकिन बीजेपी और नरेंद्र मोदी के लिए यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह मान्यता का सवाल है। गृह मंत्री ने कहा कि इस बिल के पारित होने से महिलाओं के अधिकारों की लंबी लड़ाई खत्म हो जाएगी। जी-20 के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने महिला नेतृत्व वाले विकास का विजन पूरी दुनिया के सामने रखा। शाह बोले, ' ओबीसी आरक्षण, परिसीमन का मुद्दा या जनगणना को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं, मैं सबका जवाब देता हूं...सबसे पहला जवाब विद्यमान संविधान में तीन तरह के सांसद आते हैं, जो सामान्य, एससी और एसटी कैटेगरी से आते हैं। ये तीनों कैटेगरी में हमने महिलाओं का 33% आरक्षण कर दिया है... अब एक तिहाई सीटों को आरक्षित करना है तो वह सीट कौन तय करेगा? हम करें? अगर वायनाड आरक्षित हो गया तो आप कहेंगे हमने राजनीति की है। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर कुछ लोग कह रहे हैं कि इस बिल का समर्थन नहीं करना चाहिए क्योंकि इसमें ओबीसी, मुसलमानों का आरक्षण नहीं है। अगर आप इस बिल का समर्थन नहीं करते हैं तो क्या आरक्षण जल्दी होगा? अगर आप इस बिल का समर्थन करते हैं तो कम से कम गारंटी तो देंगे।

## महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में किसने क्या कहा...

**सोनिया गांधी** ने आरक्षण बिल पर कहा हमारे महान देश की मां है स्त्री। हर मोर्चे पर स्त्री पुरुष से पुरुष से कंधा से कंधा मिलाकर लड़ी है। त्याग की पहचान है स्त्री। स्त्री के धैर्य का पता लगाना मुश्किल है। महिलाओं में समंदर जैसा धैर्य होता है। महिला आरक्षण बिल को सबसे पहले कांग्रेस ने ही पारित कराया। मैं इस बिल का समर्थन करती हूं। राजीव गांधी जी का सपना अभी आधा ही पूरा हुआ है।

**राहुल गांधी** ने लोकसभा में कहा, हमारा महिला आरक्षण बिल को समर्थन है, ये महिलाओं के लिए बहुत जरूरी कदम है। महिलाओं ने देश की आजादी के लिए भी लड़ाई लड़ी है। ये लोग हमारे बराबर है और कई मामलों में हमारे से आगे भी है, लेकिन मेरे विचार से यह विधेयक अधूरा है। इसमें ओबीसी आरक्षण को जोड़ा जाना चाहिए। बिल का क्रियान्यवन करने के लिए नई जनगणना और परिसीमन की जरूरत है, लेकिन मेरी राय है कि ये अभी लागू हो सकता है. इसके लिए लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीट अभी आरक्षित करनी होगी।

**जेडीयू सांसद राजीव रंजन सिंह** ने कहा, ये लोग नारी शक्ति वंदन की बात करते हैं। असल में आप अपना बंधन कर रहे हैं, आप अपनी कुर्सी बचाने के लिए बंधन कर रहे हैं। 2024 के बाद ये लोग कहेंगे, ये तो जुमला है। आपको 2024 में मुक्त होना है, इसी का आपको भय है। मैं बिल का समर्थन करता हूं।

**मायावती** ने महिला आरक्षण बिल पर कहा, जनगणना कराने में बहुत समय लगता है। परिसीमन में कई साल लग जाएंगे। बीजेपी और कांग्रेस आरक्षण नहीं देना चाहती है। हमारी पार्टी इस बिल का समर्थन करती है। अभी आरक्षण लागू नहीं हो पाएगा। सरकार को ऐसे प्रावधान लाना चाहिए कि आरक्षण जल्द लागू हो जाए। साथ ही ओबीसी महिला को अलग से आरक्षण मिलना चाहिए।

**सपा सांसद डिंपल यादव** ने कहा, पीएम मोदी साधना की बात करते हैं। साधना से ही सिद्धी की प्राप्ति होती है। सिद्धी तभी होगी जब एससी/एसटी/ओबीसी महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। इन महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए। कमजोर और पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए।

**अपना दल की सांसद अनुप्रिया सिंह पटेल** ने कहा, महिला आरक्षण बिल समय की जरूरत है। कई छोटे देशों ने महिलाओं की 50 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित कर ली है। ये कोई नया बिल नहीं है, इसका इतिहास 27 साल पुराना है। सबसे पहले 1996 में बिल आया, इसके बाद कई सरकारें बिल लेकर आईं, लेकिन लागू नहीं हो पाया। ये बिल स्वागत योग्य है। मैं मोदी जी का आभार व्यक्त करती हूं।

**असदुद्दीन ओवैसी** ने कहा कि हम इस बिल का विरोध करते हैं। इसमें ओबीसी और मुस्लिम महिलाओं के लिए प्रावधान नहीं है। यह विधेयक ओबीसी विरोधी, मुस्लिम विरोधी और चुनाव से पहले ध्यान भटकाने वाला है। मुस्लिम महिलाएं आबादी का 7% हैं, लेकिन लोकसभा में उनका प्रतिनिधित्व 0.7% है। ये मोदी सरकार सवर्ण महिलाओं के लिए प्रतिनिधित्व बढ़ाना चाहती है, न कि ओबीसी और मुस्लिम महिलाओं के लिए कुछ कर रही है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस समारोह के होंगे मुख्य अतिथि



**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) समारोह में आमंत्रित किया है। अमेरिकी राजदूत एरिक गासेटी ने इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति बाइडन को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया था। अमेरिकी राष्ट्रपजि जो बाइडेन को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के लिए पीएम मोदी की तरफ से दिया गया ये न्योता इसलिए भी खास है, क्योंकि भारत अगले साल क्वाड की लीडरशिप समिट की मेजबानी करने वाला है।

इससे पहले इंडियन एक्सप्रेस के हवाले से खबर सामने आई थी कि आने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए सरकार क्वाड समूह के नेताओं को आमंत्रित करने पर विचार कर रही है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी एल्बनीज और जापानी पीएम फूमियो किशिदा को आमंत्रित कर सकते हैं।

**राष्ट्रपति बनने के बाद दूसरी बार भारत आएंगे बाइडेन:** जी20 समिट में शामिल होने आए जो बाइडेन अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार भारत दौरे पर आए थे। वहीं अब अगले साल 26 जनवरी को उनका दूसरी बार भारत आना होगा। इससे पहले साल 2018 में गणतंत्र दिवस परेड के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था। हालांकि किसी कारणवश वो भारत नहीं आ पाए थे।

हर साल गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि का चुनाव कई फैक्टर्स को ध्यान में रखकर तय होता है - इसमें शामिल फैक्टर रणनीतिक और कूटनीतिक, व्यावसायिक हित और इंटरनेशनल जियो-पॉलिटिक्स है। अगला गणतंत्र दिवस बमुश्किल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले का आखिरी गणतंत्र दिवस होगा।

## कनाडा में रह रहे भारतीयों के लिए जारी हुई ट्रैवल एडवाइजरी

### भारत-कनाडा तनाव का असर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत ने कनाडा के साथ बढ़ते तनाव को देखते हुए कनाडा में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी इस एडवाइजरी में भारतीय नागरिकों और कनाडा की यात्रा पर विचार करने वाले लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को कनाडा के उन क्षेत्रों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है जहां भारत विरोधी गतिविधियां देखी गई हैं।

एडवाइजरी में कहा गया है कि हाल ही में भारतीय राजनयिकों और भारतीयों को निशाना बनाया गया है, जो भारत विरोधी एजेंडे का विरोध करते हैं। इसलिए भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे कनाडा के उन क्षेत्रों और संभावित स्थानों की यात्रा करने से बचें जहां ऐसी घटनाएं देखी गई हैं। विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि कनाडा में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए कनाडाई अधिकारियों के साथ संपर्क में रहेंगे। कनाडा में बिगड़ते सुरक्षा माहौल को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने विशेष रूप से भारतीय छात्रों को अत्यधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

**पीएम मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की मुलाकात:** भारत और कनाडा के बिगड़ते रिश्तों के बीच भारत एक्शन मोड में है। दोनों देशों में चल रहे तनाव के बीच बुधवार को संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुलाकात की है।

## मोटो जीपी के जरिए ब्रांड यूपी को दुनिया में प्रमोट करेगी सरकार

**केटी न्यूज ब्यूरो/ग्रेटर नोएडा**

भारत के ग्रोथ इंजन बनने के लिए प्रयासरत उत्तर प्रदेश अब मोटो जीपी भारत 2023 के आयोजन के जरिए वैश्विक पटल पर अपनी छवि को और अधिक मजबूती प्रदान करने जा रहा है। योगी सरकार 22 से 24 सितंबर के मध्य ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में इस वैश्विक ख्याति प्राप्त इवेंट में अपनी सहभागिता दर्ज कराने जा रही है। इस इवेंट के सफल आयोजन के जरिए उत्तर प्रदेश को दुनिया के 200 से अधिक देशों में बतौर 'ब्रांड यूपी' स्थापित करने का मौका मिलेगा।

इस आयोजन से रेसिंग स्पोर्ट्स समेत तमाम स्पोर्टिंग इवेंट्स के लिए भी भारत और विशेषकर उत्तर प्रदेश मोस्ट फेवरेबल डेस्टिनेशन के तौर पर उभरेगा। वहीं, दुनियाभर की नामी कंपनियों के बीच उत्तर प्रदेश की छवि एक ब्रांड के तौर पर उभरेगी, जिससे योगी सरकार के वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी के संकल्प की पूर्ति होगी। पूरे आयोजन में योगी सरकार की सहभागिता का रोडमैप उत्तर प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए बनाई गई नोडल एजेंसी इन्वेस्ट यूपी द्वारा तैयार किया गया है।

उत्तर प्रदेश में इसी वर्ष 10 से 12 फरवरी के बीच ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के सफल आयोजन के जरिए 37 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रदेश में निवेश आया था। अब प्रदेश में मोटो जीपी के आयोजन के दौरान भी स्पोर्टिंग वर्ल्ड समेत दुनिया की लीडिंग मल्टीनेशनल ब्रांड्स की प्रदेश में उपस्थिति रहेगी। इस मौके को प्रदेश में निवेश को गति देने के अवसर के तौर भुनाने के लिए भी योगी सरकार तमाम प्रयास कर रही है। इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमड्ब्ल्यू, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां भाग ले रही हैं।






### इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए दुनिया देखेगी समृद्ध यूपी की झलक

## आज राष्ट्रपति करेंगी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ

**केटी न्यूज ब्यूरो/ग्रेटर नोएडा**

पहले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से ग्रेटर नोएडा का इंडिया एक्सपो मार्ट उत्तर प्रदेश की समृद्धि की झलक दिखाने को तैयार है। गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस भव्य आयोजन का शुभारंभ करेंगी। इस आयोजन के माध्यम से 2000 से ज्यादा एग्जिबिटर्स अपने उत्पादों को देश और दुनिया के उद्यमियों, एक्सपोर्टर्स के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इनमें ओडीओपी से लेकर हेल्थकेयर, फूड प्रॉसेसिंग, फार्मा, डेयरी,इलेक्ट्रॉनिक्स, ई-कॉमर्स समेत तमाम सेक्टर्स शामिल होंगे। साथ ही,उत्तर प्रदेश के कई विभाग भी अपने स्टॉल के माध्यम से प्रदेश की क्षमता और विकास का रोडमैप प्रदर्शित करेंगे। मुंबई डिब्बावाला समेत प्रदेश सरकार के कई विभाग और संस्थाएं विभिन्न सेशंस के माध्यम से बिजनेस गतिविधियों को लेकर चर्चा करेंगे।

इंटरनेशनल ट्रेड शो में 11 बजे से 3 बजे तक बिजनेस आवर्स रहेगा, जबकि इसके बाद 3 बजे से लेकर रात 8 बजे तक यह आम पब्लिक के लिए खुला रहेगा। आम पब्लिक का इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रवेश निशुल्क रहेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार इस आयोजन को बड़े पैमाने पर होस्ट कर रही है।




इंटरनेशनल ट्रेड शो की परिकल्पना उत्तर प्रदेश के छोटे,मध्यम और बड़े उद्यमों को एक विशिष्ट पहचान के साथ बढ़ावा देने के लिए एक नियमित मेले के रूप में की गई है।

**44 कैटेगरीज में होगा एग्जिबिशन:** यूपीआईटीएस में 44 एग्जिबिटर कैटेगरीज के तहत प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इनमें ओडीओपी, एग्रीकल्चर एंड हॉर्टीकल्चर, एनीमल हस्बैंड्री, फिशरीज, डेयरी डिपार्टमेंट, एसोसिएशन-फोरम, ऑटोमोबाइल-ईवी-आटो कंपोनेंट्स, बेवरेज इंडस्ट्री, ई कॉमर्स, एफएमसीजी, फूड प्रॉसेसिंग, फर्नीचर, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट्स एंड टेक्सटाइल, हेल्थकेयर, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग और रिन्यूबल एनर्जी समेत कई अन्य कैटेगरीज शामिल हैं।

**बड़ी दिग्गज कंपनियां होंगी शामिल:** इंटरनेशनल ट्रेड शो में 2 हजार से ज्यादा एग्जिबिटर्स शामिल हो रहे हैं। यूपी सरकार के महत्वपूर्ण विभागों के अलावा इनमें मल्टी सेक्टर, मल्टी ब्रांड्स और मैन्युफैक्चरर्स शामिल होंगे। जिन बड़े ब्रांड्स ने इंटरनेशनल ट्रेड शो में शामिल होने की सहमति दी है, उनमें श्री सीमेंट, टाटा मोटर्स, एक्मे, अल्ट्राटेक, टोरेंट गैस, होंडा, पतंजलि, वीवो, एलजी, जेके सीमेंट, इफ्को टोकियो, मैक्स लाइफ, हमदर्द, एसबीआई, अडानी रिएलिटी, डीएलएफ,रेड टेप, गलगोटिया, एसआरएमएस, शारदा यूनिवर्सिटी, पीएनबी, कपिला, नमस्ते इंडिया, सवोर्टेक, हुंडई के अलावा हजारों ब्रांड्स दिखाई देंगे।

**13 हॉल्स का होगा उपयोग:** सभी एग्जिबिटर्स द्वारा एक्सपो मार्ट के 13 हॉल्स में अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। हॉल-1 में यूपीसीडा/इनवेस्ट यूपी,ऑटोमोबाइल/ईवी/ऑटो कंपोनेंट, फूड प्रॉसेसिंग एंड डेयरी प्रोडक्ट्स, गवर्नमेंट मिशन, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट, इंफ्रा, इंजीनियरिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे अन्य सेक्टर्स को प्रदर्शित किया जाएगा। इसी तरह हॉल-3 में कॉस्मेटिक्स एंड पर्सनल केयर, एफएमसीजी, हेल्थकेयर,स्पोर्ट्स, टॉय सेक्टर और वाटर इंडस्ट्रीज के उत्पादों की प्रदर्शनी होगी।

## पटना के फुलवारीशरीफ का मामला: अपहरणकर्ताओं ने फिरौती के रूप में मांगे 5 लाख रुपए

# फिरौती के लिए व्यवसायी की बेटी का अपहरण

- फुलवारी शरीफ नया टोला की रहने वाली छात्रा अपने घर से पटना कॉलेज ऑफ कॉमर्स के जाने के लिए निकली थी
- परिवार के लोगों के मोबाइल पर लड़की का अपहरण करने वालों ने कॉल कर मांगे रुपए




**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में अपहरण उद्योग फिर से फलने-फूलने लगा है। हाल के कुछ दिनों में अपहरण के कई मामले सामने आए हैं। नया मामला पटना के फुलवारीशरीफ का है, जहां कॉलेज की एक छात्रा (17) का अपहरण हो गया। अपराधियों ने उसे छोड़ने के एवज में 5 लाख की फिरौती भी मांगी है। परिजन दहशत में हैं। लड़की के पिता कपड़ा व्यवसायी हैं। फुलवारीशरीफ थाने में उन्होंने अपनी बेटी को खोजने की गुहार लगाई है।

वहीं फुलवारी शरीफ थाने में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सोमवार को फुलवारी शरीफ नया टोला की रहने वाली छात्रा अपने घर से पटना कॉलेज ऑफ कॉमर्स के लिए निकली थी। देर शाम जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। इस बीच परिवार के लोगों के मोबाइल पर लड़की के अपहरण करने वालों का कॉल आया। इसमें अपहरणकताओं ने फिरौती के रूप में 5 लाख कैश की डिमांड की। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी का माहौल बन गया।

### मोबाइल लोकेशन के आधार पर छापेमारी कर रही पुलिस

मंगलवार की शाम परिजनों ने फुलवारी शरीफ थाने में मामला दर्ज कराया है। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने इस मामले में एक टीम गठन कर मोबाइल लोकेशन के आधार पर छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। घटना की पुष्टि करते हुए फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला एक लड़की के अपहरण से संबंधित है। इसलिए पुलिस इस मामले में काफी सावधानी पूर्वक कम कर रही है। फुलवारी शरीफ थाना पुलिस अपहरण के बाद जिस नंबर से फिरौती की रकम की मांग की गई है उसका टावर लोकेशन पता करके हर पहलू पर तहकीकात करने में जुट गई है। फुलवारी शरीफ थानेदार सफीर आलम ने बताया कि एक कॉलेज छात्रा का अपहरण का मामला दर्ज कराया गया है और फिरौती की मांग हो रही है। उन्होंने कहा कि हर पहलू पर तहकीकात की जा रही है।

## बिहटा में जमीनी विवाद को लेकर बदमाशों ने युवक को घर से बुला गोली मार कर दी हत्या, गांव में दहशत का माहौल

**पटना।** पटना से सटे बिहटा में जमीनी विवाद को लेकर खूनी झड़प देखने को मिला है। जहां बदमाशों ने घर से युवक को बुलाकर सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी है। जिसके बाद बेखौफ अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। वहीं एस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा गया है। दरअसल, एक तरफ जहां प्रदेश की सरकार अपराध पर लगाम लगाने के लिए लगातार अधिकारियों को निर्देश देती दिख रही है।

वहीं दूसरी और प्रदेश में अपराध का ग्राफ दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। अगर बात करें जमीनी विवाद की तो प्रदेश में जमीनी बात को लेकर आए दिन लोगों की हत्या होते दिख रही है। मृतक युवक की पहचान सिमरी गांव निवासी चंदन उर्फ विक्की कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि चंदन कुमार के जमीन पर अपराधियों के द्वारा दखल पिछले कई दिनों से किया जा रहा था। जिसका चंदन विरोध करता था। वहीं बुधवार को चंदन को किसी ने फोन किया और घर से बुलाकर खेत पर ले गया। जहां पहले से घात लगाए हथियारबंद अपराधियों ने पहले चंदन के साथ मारपीट की और ताबड़तोड़ गोली चला दी। जहां चंदन की गोली लगने से मौत हो गई। चंदन के शरीर पर कई गोली के निशान है। परिवार के लोगों ने बताया कि तीन से चार गोली चंदन को मारी गई है। इधर दिनदहाड़े सरेआम चंदन की हत्या के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में दहशत का माहौल बन चुका है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी डॉ. अनु कुमारी भी घटना स्थल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अस्पताल भेज दिया है और फरार अपराधी की पहचान और गिरफ्तारी में जुट गई है।

## वैशाली में बदमाशों ने साइकिल मिस्त्री को गोली मार किया घायल

- वैशाली जिले के चेहराकला कटहरा ओपी क्षेत्र के चेहराकला चौक की घटना

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के वैशाली में छह बदमाशों ने एक साइकिल मिस्त्री को गोली मार कर घायल कर दिया। गोली की आवाज होने से घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उसके बाद सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। यह घटना जिले के चेहराकला कटहरा ओपी क्षेत्र के चेहराकला चौक की है। घटनास्थल पर खून से लथपथ गिरे साइकिल मिस्त्री को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए चेहराकला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, चेहराकला चौक के पास मंजय साह की किराना दुकान में लूटपाट की जा रही थी। उसी दौरान शोरगुल होने पर सभी बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं, बदमाशों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग की वजह से एक साइकिल मिस्त्री को सीने में गोली लग गई। उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया गया।

घटनास्थल पर मौजूद युवक विकास कुमार ने बताया कि चेहराकला चौक स्थित एक किराना दुकान से लगभग छह बदमाश लूटपाट करने पहुंचे थे। लूटपाट के दौरान ही अंधाधुंध फायरिंग कर दी गई। इसके कारण पास की ही दुकान के साइकिल मिस्त्री को गोली लगी है। घायल साइकिल मिस्त्री की पहचान गरौल थाना क्षेत्र के बथना गांव निवासी नारायण श्रीवास्तव के 50 वर्षीय बेटे मंटू श्रीवास्तव के रूप में हुई है।

## बदलाव... बिहार के यातायात पुलिस बल में अब 35 वर्ष से अधिक उम्र के सिपाही नहीं रहेंगे

**केटी न्यूज/पटना**



राजधानी पटना में बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात सुधांशु कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य के 12 जिलों में यातायात बल स्वीकृत है एवं शेष 28 जिलों में बल स्वीकृति का प्रस्ताव अंतिम चरण में है। यातायात बल पदाधिकारियों एवं कर्मियों की गुणवत्ता एवं प्रभावोत्पादकता में वृद्धि के लिए एक योजना तैयार की गई है। राज्य के यातायात पुलिस बल में अब 35 वर्ष से अधिक के सिपाही नहीं रहेंगे। ट्रैफिक पुलिस के हर वर्ग के लिए उम्र सीमा तय कर दी गई है। सिपाहियों के लिए अधिकतम 35 वर्ष, अवर निरीक्षक के लिए 40 वर्ष और इंस्पेक्टर के लिए 50 वर्ष की समय सीमा तय की गई है। इससे अधिक उम्र के पुलिसकर्मियों या पदाधिकारियों को ट्रैफिक में तैनात नहीं किया जाएगा। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस में एक तिहाई महिला बल की तैनाती की जाएगी।

सुधांशु कुमार ने बताया कि यातायात बल में कर्मियों, पदाधिकारियों का कार्यकाल तीन वर्ष निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण के बाद न्यूनतम तीन वर्षों के लिए उन्हें यातायात कार्यों के लिए लगाया जाएगा और अन्य ड्यूटी के लिए स्थानांतरित नहीं किया जा सकेगा। एक जिले में पदस्थापना के दौरान वे अधिकतम तीन वर्षो के लिए यातायात ड्यूटी में रहेंग। इसके अलावा यातायात बल के स्वीकृत / उपलब्ध पदों में एक तिहाई महिला बल होना अनिवार्य है। वहीं, जिले में कुल स्वीकृत बल का 70 प्रतिशत नियमित डीएपी से भरा जाना है, शेष 30 प्रतिशत रिक्तियां नौजवान, गृहरक्षकों से भरे जाने की प्रक्रिया जारी है। यातायात हेतु चुने गए बल की प्रशिक्षण की व्यवस्था एक पखवारे की अवधि के लिए चालक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, औरंगाबाद में परिवहन विभाग की सहायता से की गई है।

### 24 को पीएम मोदी करेंगे पटना-हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ

**पटना।** पटना और हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का इंतजार करने वालों के लिए काम की खबर है। 24 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ करेंगे। पीएम वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पटना-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। बता दें कि वंदे भारत ट्रेन देश में रेल यात्रा के उच्च स्तर को स्थापित करने और ट्रेनों की गति को बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना है। माननीय प्रधानमंत्री के ह्यमेक इन इंडियाह्य और ह्यआत्मनिर्भर भारतह्य की संकल्पना को साकार करने के लिए भारतीय रेलवे ने नवीनतम तकनीक का प्रयोग कर पूर्णतः स्वदेशी सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का निर्माण किया है।

## उत्सवी माहौल में शुरू हुआ सर्वजन दवा सेवन अभियान

- फाइलेरिया रोधी दवा खाकर अपने राज्य से फाइलेरिया बीमारी के उन्मूलन में सकारात्मक भूमिका निभाएं: डीडीसी
- फुलवारीशरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फाइलेरिया पदाधिकारी और कर्मियों ने दवा खाकर अभियान की शुरूआत की

**केटी न्यूज/पटना**




कहीं मुखिया जी, तो कहीं वार्ड पार्षद। कहीं चिकित्सक तो कहीं स्वास्थ्य कर्मी। वहीं स्कूलों में बच्चों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की शुरूआत की। मानों फुलवारीशरीफ प्रखंड स्थित गोनपुरा पंचायत के गोरियाडेरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में उत्सवी माहौल जैसा नजारा दिख रहा था। मौका था आज से यानी 20 सितंबर से शुरू होकर अगले एक पखवाड़े तक चलने वाले एमडीए अभियान का। एक तरफ जहां बुधवार को फुलवारीशरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डीडीसी, डीभीडीसीओ डॉ सुभाष प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजकुमार ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर डीडीसी शिवतनय सुल्तानिया ने कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। सबसे बड़ी बात कि मच्छर के काटने के पांच से दस साल के बाद उसका प्रभाव दिखता है। इसलिए इस बीमारी से बचाव के लिए सरकार द्वारा हर साल सर्वजन दवा सेवन (एमडीए ) अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के दौरान प्रखंड स्थित गांवों में घर-घर जाकर आशा दीदी के द्वारा स्वस्थ लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाती है। इस दवा का सेवन सभी स्वस्थ लोगों को करनी है। ताकि अगर किसी व्यक्ति को क्यूलेक्स मच्छर काटा होगा तो दवा खाने के बाद परजीवी मर जाएगा और फाइलेरिया बीमारी होने का खतरा टल जाएगा। इसलिए हम सभी लोगों से अपील करते हैं कि सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा खाकर अपने राज्य से फाइलेरिया के उन्मूलन में सकारात्मक सहयोग प्रदान करें।

वहीं दूसरी ओर फुलवारीशरीफ प्रखंड के गोनपुरा पंचायत स्थित गोरियाडेरा गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोरियाडेरा में पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर अभियान शुरू किया। इस दौरान पेशेंट नेटवर्क के सदस्य पटेल पंडित ने भी स्कूली बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्कूल में 132 छात्र-छात्राओं समेत पांच शिक्षक और शिक्षिका ने भी दवा खायी। इसके बाद सोरनपुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सोरनपुर में वार्ड पार्षद टुनटुन कुमार और सामाजिक कार्यकर्ता गुड्डी कुमार ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर अभियान की शुरूआत की। यहां कुल 162 छात्र-छात्राओं ने दवा का सेवन किया।



केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
बक्सर
बक्सर, 21 सितंबर 2023
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com


# डुमरांव नगर परिषद प्रशासन ने अभियान चला सड़कों को कराया अतिक्रमणमुक्त

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बुधवार को नगर परिषद प्रशासन ने शहर के विभिन्न सड़को के किनारे से अभियान चला अतिक्रमण हटाया। नया थाना से शुरू हुआ यह अभियान स्टेशन रोड, शहीद स्मारक, शहीद गेट, गोला रोड, चौक रोड, चूड़ी बाजार आदि जगहों पर चलाया गया। इस दौरान नगर परिषद प्रशासन व स्थानीय पुलिस टीम मौजूद रही। प्रशासन द्वारा चिन्हित अतिक्रमणकारियों के अवैध निर्माण को तोड़ने के साथ ही उन्हें दुबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गई। इधर प्रशासन के सड़को पर उतरने से अवैध कब्जाधारियों के बीच अफरा-तफरी मची रही।

शहर के मॉडल थाना रोड, स्टेशन रोड, गोला रोड, चूड़ी बाजार, चौक रोड आदि सड़को पर लगे अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर दंडाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार, थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, उप सहायक बजेंद्र राय सहित बड़ी तादाद में महिला व पुरुष पुलिस के जवान मौजूद थे। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान लगतार चलेगा। इस अभियान में किसी को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए नगर पर्षद द्वारा कई बार लाउडस्पीकर के जरिये मुनादी करायी गयी थी फिर भी सड़कों पर अतिक्रमण बना था। ऐसी स्थिति में यह समस्या शहर के लिए नासूर बन गयी थी। नाली व सड़कों पर लगे अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ा गया।



अगर दोबारा अतिक्रमण होता है तो मुख्य मंडी गोला रोड के सड़क को मापी कराकर अतिक्रमण हटाया जायेगा। उन्होंने बताया कि मुख्य मंडी में जाम के कारण राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। साथ ही मॉल और बैंक परिसर के भवनों में वाहन स्टैंड की व्यवस्था रखना होगा। ऐसे भवनों को चिन्हित कर नोटिस दिया जायेगा। करीब तीन घंटे तक चले इस अभियान में नप कर्मी के साथ पुलिस मुस्तैद रहे। ईओ ने बताया कि अतिक्रमण हटाये जाने के बाद अगर दोबारा अतिक्रमण किये जाने का मामला प्रकाश में आया तो ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए अधिनियम के तहत जुमार्ना वसूला जायेगा।

**गंभीर हो चुकी थी अतिक्रमण की समस्या:** बता दें कि डुमरांव में अतिक्रमण की समस्या गंभीर हो चुकी थी। गोला रोड, स्टेशन रोड, चौक रोड, शहीद पार्क, जंगल बाजार, साफाखाना रोड आदि जगहों पर सड़क के दोनों किनारों का स्थायी व फुटपाथी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था। जिस कारण शहर में जाम की समस्या नासूर बन गई थी। यही कारण है कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा अभियान चला अतिक्रमणकारियों को सबक सिखाया गया। हालांकि सुबह में चले अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद शाम में फिर से फुटपाथों पर अस्थायी दुकानदार काबिज हो गए थे।

**अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी**

"शहर के विभिन्न सड़को को अतिक्रमणमुक्त कराया गया है। अतिक्रमणकारियों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गई है। दुबारा अतिक्रमण करने पर उनसे जुमार्ना वसूला जाएगा।

*- अनिरूद्ध प्रसाद, ईओ, नगर परिषद डुमरांव*

## सात की संख्या में हथियारबंद लुटेरों ने दिया घटना को अंजाम, नकाबपोश थे अपराधी

# वारदात : पीएनबी के सिंहपुरा शाखा में चार मिनट में साढ़े 19 लाख की लूट

■ जानकारी मिलते ही पहुंचे एसपी, एसएफएल टीम को बुलाया

**केटी न्यूज/सिमरी**

बुधवार की शाम चार बजे सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का सिंहनुपरा गांव स्थित पीएनबी बैंक में लूट की भीषण घटना हुई है। सात की संख्या में हथियारबंद नकाबपोश लुटेरों ने मात्र 4 मिनट में ही 19 लाख 48 हजार 248 रूपए लूट लिए। इस दौरान लूटेरों ने बैंक मैनेजर दीपक कुमार के सर पर पिस्टल के बट से प्रहार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। जबकि अन्य कर्मियों तथा बैंक परिसर में मौजूद ग्राहकों के साथ भी मारपीट किया गया। लूटेरों ने बैंक में अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे दो नाबालिगों को भी नहीं छोड़ा। वही इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। तत्काल एसपी मनीष कुमार, डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, बक्सर सदर एसडीपीओ धीरज कुमार समेत डुमरांव अनुमंडल के सभी थानों की पुलिस सिंहपुरा पहुंच मामले की जांच व लूटेरों की शिनाख्त में जुट गई। वही एसपी ने पटना से एसएफएल की टीम को भी बुलाया है। देर रात तक एसएफएल के टीम के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। इस घटना के बाद बैंक कर्मियों में अफरा तफरी मच गई थी।





**बैंक बंद होने के डेढ़ मिनट पहले इंट्री किए थे लुटेरे :** इस घटना को अंजाम देने के लिए लुटेरों ने बैंक बंद होने का समय चूना था। बैंक के बंद होने से मात्र डेढ़ मिनट पहले सभी लूटेरे एक साथ अंदर पहुंचे तथा जाते ही प्रबंधक व कर्मियों से मारपीट करने लगे। इस दौरान दो लुटेरे कैश बॉक्स की तरफ लपके तथा हथियार के बल पर कुल 19 लाख 48 हजार 248 रूपए लूट लिए। लूटेरे बैंक परिसर में मात्र चार मिनट रूके थे। लुटेरों ने सबसे पहले सीसीटीवी का कनेक्शन काट दिया था। जिससे उनके इंट्री के बाद की कोई तस्वीर नहीं मिल पाई है। यही कारण है कि पुलिस को इस मामले के अनुसंधान व लूटेरों की शिनाख्त के लिए एसएफएल टीम की मदद लेनी पड़ रही है।

**गांव से बाहर है बैंक, दो बार हो चुकी है चोरियां :** वारदात के बाद बैंक की भौगोलिक स्थिति पर सवाल उठने लगे है। यह बैंक गांव से बाहर डेरा पर स्थित है। सिहनपुरा दुबौली पथ पर स्थित इस बैंक के आस पास इक्के दुक्के घर ही है। इसके पहले इस बैंक में दो बार चोरियां हो चुकी है। एक बार वर्ष 2014 में चोरों ने जंगला उखाड़ चोरी किया था। जबकि एक अन्य बार चोरी किए जाने की बात स्थानीय ग्रामीण बता रहे थे।

**बैंकों तथा सीएसपी को लगातार निशाना बना रहे है लुटेरे :** बैंको तथा सीएसपी संचालकों की सुरक्षा के लिए पुलिस महकमे में बार बार जरूरी कदम उठाए जाते है। कई बार क्राइम मीटिंग में भी एसपी बैंकों तथा सीएसपी की सुरक्षा बढ़ाने, नियमित गश्त करने आदि निर्देश देते रहते है। बावजूद डुमरांव अनुमंडल में बैंक तथा सीएसपी संचालक लूटेरों के साफ्ट टारगेट बने हुए है। बुधवार की घटना के पहले कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के सोवां गांव के बाहर 14 सितंबर को बैंक ऑफ इंडिया के सीएसपी संचालक मनोज यादव से 3 लाख की लूट के दौरान लुटेरों की गोली से सोनू यादव नामक एक युवक की मौत हुई थी, जबकि सीएसपी संचालक भी गोली लगने से जख्मी हुआ था। वही 3 अगस्त को इसी थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर छोटका ढकाईच के पास कृष्णाब्रह्म के कठार रोड में एसबीआई का सीएसपी चलाने वाले सुबोध रंजन लाल से 3.68 लाख की लूट हुई थी। हालांकि दोनों मामलों का उद्भेदन पुलिस ने कर लिया है। इसके पहले पिछले साल 20 अप्रैल 2022 को नावानगर के बंधन बैंक से 2 लाख की तथा कुछ वर्ष पूर्व नंदन स्थित उत्कर्ष बैंक से लूट की घटनाएं हो चुकी है।

**यह पुलिस के लिए चुनौती**

"पीएनबी के सिंहपुरा ब्रांच में साढ़े 19 लाख की लूट हुई है। सात लुटेरों ने इस घटना को अंजाम दिया है। उनकी शिनाख्त की जा रही है। पुलिस वैज्ञानिक तरीके से इस मामले में शामिल लूटेरों के शिनाख्त का प्रयास कर रही है। एसएफएल टीम को भी बुलाया गया है। यह घटना पुलिस के लिए चुनौती है। जल्दी ही लुटेरों की शिनाख्त कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

*- मनीष कुमार, एसपी, बक्सर*

## व्यवसायी ने एजेंसी संचालक पर अधिक मूल्य पर नमक बिक्री का लगाया आरोप

डुमरांव। डुमरांव राज गोला के व्यवसायी संतोष वर्मा ने निरमा नमक के एजेंसीधारक संतोष कुमार गुप्ता पर निर्धारित मूल्य से अधिम दर पर नमक बिक्री का आरोप लगाते हुए डुमरांव एसडीओ से गुहार लगाया है।

एसडीओ को दिए आवेदन में पीड़ित व्यवसायी ने बताया है कि वह राजगोला में किराना का व्यवसाय करता है। नमक टैक्स फ्री है जिसे कोई भी कही से लाकर बेच सकता है। पहले मैं एजेंसीधारक संतोष गुप्ता से ही नमक खरीदता था। लेकिन वह मनमाने तरीके से निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा लेता था। कई बार शिकायत करने पर भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। चूकि नमक टैक्स फ्री है तथा बक्सर का एजेंसीधारक मेरे साथ अन्य व्यवसायियों से अधिक पैसा लेता था जिस कारण मैं अपने मनपसंद जगह से नमक मंगाकर बेचता हूं। मंगलवार को जब मैं अपना माल लोड करा रहा था तो एजेंसी संचालक डुमरांव के गोबिंद गुप्ता के साथ मेरे दुकान पर आया और मुझे धमकी देने लगा कि तुम्हें नमक बेचना है तो मेरे ही एजेंसी से लेना होगा। उसने मुझे बहस और झड़प भी की। पीड़ित व्यवसायी ने बताया है कि वह जाते जाते धमकी भी दिया है कि मेरे एजेंसी को छोड़कर दूसरे जगह से नमक मंगवाओगे तो अंजाम बुरा होगा। व्यवसायी ने बताया है कि संतोष गुप्ता का संबंध आस पास के अपराधिक चरित्र के लोगों से है जिस कारण मेरे साथ कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। बता दें कि इसके पहले एजेंसी संचालक ने उक्त दुकानदार पर एजेंसी के बदले बलिया से निरमा नमक मंगाकर बिक्री करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था।

## आपसी विवाद में बाप-बेटे की पिटाई, छह पर प्राथमिकी दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लाखनडिहरा गांव में विवाद के कारण बाप-बेटे की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में लाखनडिहरा के रहने वाले स्वामीनाथ राम ने पिटाई किये जाने का आरोप लगाते हुए छह लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है।

पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुटी है। जख्मी का इलाज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार पर बेहतर इलाज के लिए बक्सर रेफर कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह रात्रि पहर अपने बेटों के साथ पीडीएस के गोदाम पर सोने के लिए आ रहा था। इसी दौरान रास्ते मे पहले से ही घात लगाकर बैठे विश्वनाथ खरवार, प्रभुनाथ खरवार सहित छह लोग लाठी-डंडे से हमला कर दिये। इस दौरान मैं और मेरे बेटा वेदप्रकाश गंभीर रूप से जख्मी हो गये। हो-हल्ला के बाद ग्रामीण दौड़े और जख्मी हालत में हम दोनों को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है।

## प्रोन्नत प्राप्त इंस्पेक्टरों को एसपी ने बैज व बिल्ला पहना किया सम्मानित, जरूरत के हिसाब से होगी पोस्टिंग

**केटी न्यूज/बक्सर**

बीते दिनों बिहार सरकार द्वारा जिला के कुल 24 सब इंस्पेक्टर को प्रोन्नति देते हुए इंस्पेक्टर बनाया गया था। जिसके बाद बुधवार को एसपी मनीष कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में सभी प्रोन्नत प्राप्त इंस्पेक्टरों को बैच और बिल्ला लगाकर सम्मानित किया।

एसपी मनीष कुमार ने बताया कि जिले में पुलिस पदाधिकारियों की भारी कमी थी जिसकी इन सभी तेज तर्रार पुलिस पदाधिकारीयो को प्रोन्नति मिलने के बाद पूर्ण हो गई है। आनेवाले दिनों में जरूरत के अनुसार पोस्टिंग की जायेगी। वही उज्वल भविष्य की कामना के साथ



पब्लिक के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की नसीहत भी दिए। मौके पर प्रोन्नति प्राप्त इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, दिनेश कुमार मालाकार, सुबोध कुमार, राजीव रंजन राय, अजीत कुमार, विश्वजीत कुमार रंजीत कुमार, बिगाउ राम, संजीव कुमार, मनोज कुमार पाठक, संतोष कुमार, रंजीत कुमार सिन्हा, राजेश मालाकार, राहुल कुमार, रंजना सिन्हा, विष्णुदेव कुमार, कुणाल कृष्ण, रामबदन सिंह, कंचन कुमारी, प्रियेश प्रियदर्शी, आलोक कुमार, बिंदेश्वरी कुमार, अंजू कुमारी और अनिल कुमार को बैच और बिल्ला लगाकर एसपी ने सम्मानित किया। प्रोन्नति मिलने के बाद सब इंस्पेक्टरों में खुशी देखी गई। और एसपी कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के बीच मिष्ठान का वितरण किया गया।

## उप विकास आयुक्त ने फाइलेरियारोधी दवाओं का सेवन कर की अभियान की शुरूआत

# फाइलेरिया से बचाने के लिए मच्छरदानी का करें प्रयोग: डीडीसी

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बुधवार को सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम का आगाज प्रभारी डीएम सह उप विकास आयुक्त महेंद्र पाल ने दवाओं का सेवन कर किया। इसके लिए कलेक्ट्रेट सभागार में एमडीए कार्यक्रम का उद्घाटन सह एक दिवसीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार और बक्सर अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र मिश्रा ने भी उद्घाटन सत्र में मीडियाकर्मियों, पीडीएस डीलर, जनप्रतिनिधियों और आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए उनसे दवा खाने की अपील की। प्रभारी जिलाधिकारी महेंद्र पाल ने सभागार में उपस्थित सदस्यों को बताया कि फाइलेरिया (हाथीपांव) एक लाइलाज बीमारी है। जो मच्छर के काटने से होता है। इसके साथ ही कई ऐसी बीमारियां है जैसे डेंगू, मलेरिया, जापानी इन्सेफलाइटिस आदि भी मच्छर के काटने से ही फैलते हैं। इसलिए इन बीमारियों से बचने के लिए दवाओं के साथ साथ अनिवार्य रूप से मच्छरदानी का प्रयोग करें। ताकि, मच्छरों से बचाव हो सके। साथ ही, घर के आसपास जलजमाव न होने दें। जिससे मच्छरों को पनपने के लिए माहौल न मिल सके। उन्होंने बक्सर जिलेवासियों से आशा कार्यकताओं के समक्ष एमडीए के दौरान फाइलेरियारोधी दवाओं के सेवन करने की अपील की। कार्यक्रम में अधिकारियों, पीडीएस डीलर्स, एमओ और मीडियाकर्मियों ने भी दवाओं का सेवन किया।



**पांच साल तक वर्ष में एक बार खानी होगी दवाएं :** सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने बताया कि फाइलेरिया न सिर्फ व्यक्ति को विकलांग बना देती बल्कि इससे मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। यदि समय पर इस बीमारी की पहचान और इलाज न हुआ तो माइक्रो फाइलेरिया का परजीवी संक्रमित व्यक्ति के पैर, हाथ, अंडकोष व स्तन को इतनी बुरी तरह से प्रभावित कर देता , जिसके बाद संक्रमित मरीज पूरी तरह से दिव्यांग हो जाता है। इसके लक्षण संक्रमण के 8 से 12 सालों बाद नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में मानव शरीर के अंगों हाथ, पैर, स्तन व अंडकोष में सूजन बढ़ने लगती है। उन्होंने बताया कि एमडीए अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जाती है। यह दवा साल में एक बार ही खानी होती है। यदि पांच साल तक लगातार प्रतिवर्ष एक बार दवा खाने का क्रम जारी रखा जाए तो आजीवन फाइलेरिया से मुक्ति मिल सकती है।

**फ्रंटलाइन वर्कर्स को अपने सामने ही खिलाने का दिया गया निर्देश :** एमडीएम अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा अल्बेंडाजोल और डीईसी दवा खिलाई जाती है। यह दवाएं दो साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं व गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सबको खिलाई जाती है। सबसे जरूरी बात यह है कि लाभुकों ये दवाएं फ्रंटलाइन वर्कर्स को अपने सामने ही खिलाने का निर्देश दिया गया है। जिससे लोग आनाकानी न करें। उन्होंने बताया कि एमडीएम अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा दवा खिलाई जाती है। जिन लाभुकों में फाइलेरिया का परजीवी नहीं होता , उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती है। लेकिन, जिनके शरीर में माइक्रो फाइलेरिया का परजीवी मौजूद होता है तो उन्हें दवा खाने के बाद उनके शरीर में परजीवी मरते हैं तो कई बार सिरदर्द, बुखार, उल्टी, बदन में चकत्ते और खुजली जैसी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलती हैं। जो बाद में स्वतः ही ठीक हो जाते हैं।

कार्यशाला में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद सिंह, आईसीडीएस की डीपीओ रंजना कुमारी, वीबीडीएस राजीव कुमार, पिरामल इंडिया के डीपीओ प्रभाकर कुमार, पीसीआई के डीएमसी शादाब आलम, सीफार के एडीसी अमित सिंह, बक्सर के बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह, पीडीएस डीलर, आपूर्ति विभाग के एमओ, जनप्रतिनिधिगण और मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### घर-घर दस्तक दे लोगों को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन पर किया जा रहा जागरूक

**केसठ।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत गांवो को स्वच्छ व सुन्दर बनाने को ले कई तरह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत 'स्वच्छता ही सेवा' नाम का विशेष अभियान का संचालन किया जा रहा है ह्यस्वच्छता ही सेवाह्ल अंतर्गत गांव की स्वच्छता के लिए जन समुदाय को जागरूक करते हुए श्रमदान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों, बाजार, चौक चौराहे के पास पड़े कचरे एवं नालियों का साफ-सफाई किया जा रहा है। साथ ही घर-घर दस्तक के माध्यम से लोगों को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन पर जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान ठोस कचरा प्रबंधन पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में ह्यस्वच्छता ही सेवाह्ल के अंतर्गत कई कार्यक्रम किए गए। प्रखंड के हाई स्कूल केसठ में स्वच्छता के विषय पर बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा एवं स्वच्छता पर्यवेक्षको के द्वारा बच्चों को स्वचछता के प्रति जागरूक किया गया। वही बच्चों को गीले कचरे व सुखा कचरा प्रबंधन की जानकारी दी गई। साथ ही अपने आसपास साफ रखने की जानकारी से अवगत कराया गया।इस दौरान प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में ये कार्यक्रम आयोजित की गई थी।मौके पर डीआरपी राकेश कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय बारी, प्रदीप कुमार, अयोध्या पासवान सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।



### 9 सूत्री मांगों को ले वार्ड सदस्यों ने दिया धरना

**केसठ।** पंचायत चुनाव निर्वाचन के दो साल होने को है और वार्ड सदस्यों को अधिकार एवं कार्य नहीं मिलने को लेकर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में वार्ड सदस्य संघ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार प्रखंड के वार्ड सदस्यों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया। जिसकी अध्यक्षता वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार राम ने किया। इस दौरान सोनू कुमार मुकुंदजी प्रसाद, अमितेश कुमार गुप्ता, राजीव सिंह, छोटे ठाकुर, अखिलेश कुमार, गजेंद्र सिंह सहित उपस्थित दर्जनों वार्ड सदस्य ने बैनर तले अपनी मांगों का नारा लगाया। अंत में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा को अपनी 9 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमें वार्ड एवं क्रियान्वयन प्रबंधन समिति के खाता जल्द खुलवाए जाने एवं अनुरक्षक अनुदान राशि भेजे जाने, वार्ड सभा के सचिव सरकारी सचिव ही बहाल हो ताकि योजना का क्रियान्वयन में तेजी लाया लायी जा सके। सभी नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को उनके अधिकार क्षेत्र का पूर्ण प्रभार दिया जाए, बिहार में आए दिनों नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों पर जानलेवा हमला एवं उनके साथ दुर्व्यवहार चिंता का विषय बना हुआ है। सरकार इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।



### अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने समौसर गांव में छापेमारी कर 164 पीस अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्कर गांव के संजय चौधरी बताया जाता है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पकड़ा गया अंग्रेजी शराब 180 एमएल के 144 पीस तथा 350 एमएल के 20 पीस 8 पीएम था। पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव में अंग्रेजी शराब की विक्री हो रही है। सूचना पर ओपीध्यक्ष ने जवानों के साथ चिन्हित स्थान पर छापेमारी कर शराब के साथ तस्कर को धर दबोचा।

### 24 घंटे बाद ठीक हुआ पॉवर ट्रांसफार्मर, दुरूस्त हुई आपूर्ति, लोगों ने ली चैन की सांस

**डुमरांव।** डुमरांव ग्रिड के पॉवर ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी को मंगलवार की शाम को दूर कर लिया गया है। पटना से आई तकनीशियनों की टीम ने 24 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद यह सफलता पाई है। खराबी दूर होने के साथ ही इस ग्रिड से जुड़े सभी 10 फिडरो में एक साथ आपूर्ति बहाल कर दी गई है। विद्युत आपूर्ति दुरूस्त होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि सोमवार की शाम से डुमरांव ग्रिड के एक पॉवर ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई थी। जिस कारण एक ट्रांसफार्मर से ही सभी फिडरो को बारी बारी से आपूर्ति दी जा रही थी। जिस कारण लोगों को किश्तों में बिजली मिल रही थी। सोमवार की शाम से लगायत मंगलवार को पूरे दिन लोगों को बिजली के लिए काफी परेशान होना पड़ा था। उमश भरी गर्मी के बीच बिजली कटौती से आम आवाम के साथ ही व्यवसायी व किसान भी खासे परेशान थे। ग्रिड सूत्रों की मानें तो पॉवर ट्रांसफार्मर में आई खराबी से 50 मेगावाट से भी कम आपूर्ति मिल रही थी। जिस कारण पूरे अनुमंडल क्षेत्र में बिजली का संकट गहरा गया था। वही अब पॉवर ट्रांसफार्मर के ठीक होने के बाद मांग के अनुरूप 72 मेगावॉट बिजली मिलने लगी है। पटना से आई टीम के साथ ग्रिड के सहायक अभियंता कुमार अभिषेक, पॉवर सब स्टेशन के सहायक अभियंता राकेश कुमार दुबे तथा सहायक अभियंता ग्रामीण अर्जुन कुमार लगातार तकनीकी खराबी दूर करने में लगे थे। कंपनी के अधिकारियों तथा तकनीशियनों की टीम के बदौलत ही पॉवर ट्रांसफार्मर में आई खराबी को दूर किया जा सका है।



# हादसाः सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पटना निवासी चाचा-भतीजे की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के कोईलवर थाना अंतर्गत आरा-पटना फोरलेन पर मनभावन होटल मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में पटना निवासी चाचा-भतीजे की मौत हो गयी। घटना मंगलवार की देर रात की है। जिसमें तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार चाचा-भतीजे को कुचल डाला। हादसे में चाचा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं भतीजे ने इलाज के दौरान आरा के सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों में पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी सुनील सिंह का 20 वर्षीय बेटा संजीत कुमार और







ददन सिंह का 19 वर्षीय बेटा राहुल कुमार हैं। बताया जा रहा है कि दोनों किसी बर्थडे पार्टी में भाग लेने आरा आये थे। देर रात लौटने के दौरान मनभावन मोड़ के समीप किसी वाहन ने दोनों को रौंद डाला।

संजीत कुमार के भतीजे दिनेश कुमार ने बताया कि वह राहुल कुमार के साथ मंगलवार की सुबह अपनी बहन के घर भोजपुर के भूपौली गांव गये थे। रात में दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। उसी दौरान फोरलेन पर कोईलवर स्थित मनभावन होटल मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उसके बाद कोईलवर थाने की पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। चिकित्सक ने संजीत कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। बाद में इलाज के दौरान राहुल कुमार की भी जान चली गई। कोईलवर थाना पुलिस ने रात करीब तीन बजे घटना की सूचना दी। उसके बाद परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे।

**इकलौते पुत्र था राहुल, मौत से दोनों घरों में कोहराम** : सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो युवकों की मौत से उनके घरों में कोहराम मच गया है। देर रात हादसे की खबर मिलते ही रोना-धोना मच गया। परिजन दौड़े-भागे आरा सदर अस्पताल पहुंचे। उससे अस्पताल में काफी देर तक अफरातफरी मची रही। राहुल कुमार इंटर, वहीं संजीत कुमार स्नातक का छात्र था।

## डीएम व एसपी ने काको प्रखंड के उत्तर सेरथु पंचायत में की जनसंवाद बैठक, कहा-

# पंचायत के लाभुक सरकारी योजनाओं के संचालन और लाभ का जरूर दें फीडबैक

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन की संयुक्त अध्यक्षता में बुधवार को काको प्रखंड अंतर्गत उत्तर सेरथु पंचायत में जनसंवाद बैठक का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उत्तर सेरथु मुखिया सरोज देवी ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक का पौधा देकर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने जन संवाद बैठक के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई एवं उपस्थित ग्रामीणों से फीडबैक देने की अपील की गई।

उक्त जन-संवाद कार्यक्रम में बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाएं यथा राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम संसाधन विभाग, पंचायती राज विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, उर्जा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, उद्योग विभाग, परिवहन विभाग, पशु एवं मत्स्य



### ■ अधिकारियों ने ग्रामीणों को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

संसाधन विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, पथ निर्माण विभाग, जीविका आदि विभागीय योजनाओं के संबंध में संबधित विभाग के पदाधिकारीयों के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में सर्वप्रथम शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा मुख्यमंत्री पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालक व बालिका साईकिल योजना, पंचायत स्तर पर उच्च माध्यमिक विद्यालय इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही ग्रामीणों द्वारा पंचायत स्तर पर अवस्थित विद्यालय की समस्याओं की जानकारी दी गई, जिसके लिए जिलाधिकारी ने आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

वहीं, श्रम अधीक्षक ने कुशल युवा कार्यक्रम, शताब्दी क्रमकार योजना की जानकारी दी। जन संवाद बैठक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग एवं पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित योजनाएं का ग्रामीणों के साथ संवाद कर हर घर नल का जल योजना के संचालन एवं इसके अनुरक्षण पर परिचर्चा किया गया। कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना की समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, जहानाबाद के जिला प्रबंधक द्वारा बिहार स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वंय सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा योजना के बारे में जन-संवाद के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट लाईट योजना,घर तक पक्की गली-नालियॉ आदि की जानकारी दी गई। साथ ही कार्यपालक अभियंता विद्युत द्वारा मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबद्ध योजना एवं पृथक कृषि फीडर एवं हर घर तक बिजली योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सतत जीविकोपार्जन योजना, ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना, स्वच्छ गांव समृद्ध गांव, जल-जीवन-हरियाली अभियान के बारे में विस्तार से बताया गया तथा पंचायत में चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक में जल संसाधन विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग द्वारा हर खेत तक सिंचाई का पानी, सिंचाई सुविधाओं का विकास आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। सहकारिता विभाग द्वारा अधिप्राप्ति, मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना, पैक्सों का संचालन इत्यादि के बारे में जानकारी दिया गया तथा ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

जन संवाद बैठक में कृषि विभाग द्वारा खाद्य एवं बीज वितरण, जलवायु अनुकूल खेती, फसल अवशेष प्रबंधन इत्यादि की जानाकरी दी गई। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास खाद्यान्न/अनुदान योजना, मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना इत्यादि के बारे में बताया गया। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग तथा पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा कल्याण विभाग द्वारा आवासीय विद्यालय योजना, छात्रावास खाद्यान्न/अनुदान योजना, मेधावृत्ति योजना (शिक्षा विभाग), सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजना की जानकारी दी गई। बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण छात्र योजना (संबल) इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई, जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द व एपीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाएं एवं दवाईयों का वितरण, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना इत्यादि स्वास्थ्य सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया।

## समोसा खाने बाजार निकले किशोर की नहर में डूबने से मौत

आरा। जिले के तरारी थाना क्षेत्र के कपूरडीहरा गांव स्थित देव पुल के समीप नहर में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। उसका शव बुधवार की सुबह नहर से बरामद किया गया है। मृत किशोर कपूरडीहरा गांव निवासी जमीनदार यादव का 12 वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार था। जमीनदार यादव ने बताया कि देव पुल के समीप बाजार लगता है। मंगलवार की शाम वह समोसा खाने देव बाजार गया था। घर लौटने के दौरान वह नहर में गिर पड़ा और डूब गया। उसके बाद वहां मौजूद ग्रामीणों ने सूचना दी गई। तब वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे और उसके शव की काफी खोजबीन की गयी। उसके बावजूद मंगलवार की शाम शव नहीं मिल पाया था। बुधवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने उसके शव को नहर किनारे उपलाते देखा। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को सहयोग से उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। बाद में पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां गायत्री देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ओडीएफ प्लस पंचायत बनाने को लेकर जागरुकता अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर।** बुधवार को ओडीएफ प्लस पंचायत बनाने को लेकर जागरुकता अभियान सदर प्रखंड के विभिन्न विद्यालय में जागरुकता अभियान चलाया गया। सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत कमरपुर स्वास्थ्य केंद्र पांडेयपट्टी पर सफाई कर्मियों का हेल्थ चेकअप किया गया। इसके साथ ही आवश्यक दवा दिया गया।

वहीं, ग्राम पंचायत उमरपुर मध्य विद्यालय नाट में स्वच्छता ही सेवा है के तहत गीला कचरा एवं सूखा कचरा के बारे में बताया गया कि ओडीएफ प्लस से संबंधित जागरूकता अभियान स्कूल में चलाया गया। स्वच्छता पर्यवेक्षक रणजीत कुमार राय ने बच्चे को साफ सफाई के बारे में बताते हुऐ कहा कि गन्दगी से विभिन्न प्रकार के बिमारी फैलती है। बीमारी से बचने के लिए हम सभी के आय का 60 प्रतिशत दवा पर खर्च हो जाती है। उसे हम सभी बचा सकते हैं। वहीं कमरपुर पंचायत में स्वच्छता कर्मचारी को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी रोहित मिश्रा ओडीएफ प्लस श्रेणी में वह गांव आते हैं, जिन्होंने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन के साथ-साथ खुले में शौचमुक्त बनाए जाने को लेकर लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

# सख्ती के कारण स्नातक पार्ट थर्ड की दूसरे दिन की परीक्षा में 25 अनुपस्थित

**केटी न्यूज/बक्सर**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के तहत संचालित जिले के कॉलेजों में स्नातक पार्ट थर्ड की परीक्षा बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में हुई। परीक्षा में सख्ती को लेकर दूसरे दिन 27 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड दी। जिले के छह केंद्रो पर स्नातक पार्ट थर्ड प्रतिष्ठा एवं एक केंद्र पर सामान्य विषयों की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त व्यवस्था के बीच बुधवार को ली गई। परीक्षा को कदाचारमुक्त कराने के लिए मेन गेट पर ही विधिवत परीक्षार्थियों की जांच करने के बाद ही परीक्षा हाल में प्रवेश दिया जा रहा है।

गेट पर ही मोबाईल के साथ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच की जा रही है। जिससे नकल पर पूरी तरह से रोक लग सके। वहीं परीक्षा दो पालियों में बुधवार को भी ली गई। थम पाली की परीक्षा में ग्रुप सी एवं डी के



विषयों की तथा दूसरी पाली की परीक्षा ग्रुप ए की विषयों की परीक्षा ली गई। परीक्षा को कदाचारमुक्त कराने के लिए एक बेंच पर दो लोगों की बैठने की व्यवस्था की गई है। जिससे परीक्षार्थी एक दूसरे से नकल नहीं कर सके. स्नातक पार्ट थर्ड प्रतिष्ठा विषय की परीक्षा जिला मुख्यालय के तीन केंद्रो पर आयोजित हुई. जिसमें एमवी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 826 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित एवं एक अनुपस्थित तथा दूसरी पाली की परीक्षा में 451 उपस्थित एवं एक अनुपस्थित रहे। केएनएस महाविद्यालय परीक्षा केद्र पर प्रथम पाली में 660 उपस्थित एवं 5 अनुपस्थित वहीं दूसरी पाली में 876 उपस्थित एवं 10 अनुपस्थित रहे। वहीं एलबीटी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 493 उपस्थित एवं 6 अनुपस्थित वहीं दूसरी पाली में 626 उपस्थित एवं 4 अनुपस्थित रहे।

## गेट पर धरना पर बैठे शिक्षक आश्रितों की सूचना पा पहुंचे एसडीएम, समझाकर गेट कराया खाली

# अनुकंपा शिक्षक आश्रितों ने कलेक्ट्रेट मुख्यद्वार को किया अवरूद्ध

**केटी न्यूज/बक्सर**

पिछले कई दिनों से समाहरणालय गेट के समक्ष धरना पर बैठे अनुकंपा शिक्षक अभ्यर्थियों ने जमकर बवाल काटा। इसके साथ ही समारणालय गेट के समक्ष धरना पर बैठ मेनगेट को ही जाम कर दिया। जिससे वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। वहीं इसकी सूचना मिलने के बाद सदर अनुमंडल अधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्रा पहुंच गये। जिन्होंने गेट को जाम कर धरना पर बैठे शिक्षक अभ्यर्थियों को समझाकर गेट को खाली कराया।

जिसके बाद वाहनों का



आवागमन सुचारू रूप से संचालित होने लगा. गेट पर धरना के कारण कई वाहन बाहर गेट के सामने खडा हो गया था। ज्ञात हो कि समाहरणालय गेट पर पिछले कई दिनों से अनुकंपा शिक्षक आश्रितों का धरना जारी था। जिनकी सुध लेने के लिए कोई अधिकारी नहीं पहुंच रहा था। जिसके कारण आक्रोश कायम हो गया। शिक्षक आश्रितों ने समाहरणालय का गेट ही जाम कर दिया था। जो एसडीएम बक्सर धीरेंद्र कुमार मिश्रा के पहल पर खाली कराया गया। वहीं एसडीएम ने धरना पर बैठे शिक्षक आश्रितों से उनकी समस्याओं को सुना गया। इसके साथ ही उनसे आवश्यक कागजातों की मांग की गई। उन्होंने कहा कि वे उनकी मांगों को डीएम के अवकाश से आने के बाद उनके समक्ष रखेंगे। जायज मांगे होगी तो निश्चित रूप से उनकी मांगे पूरी होगी।

इस क्रम में आश्रितों ने बताया कि क्रम के अनुसार नियुक्ति पत्र देने के लिए किसी भी मार्गदर्शन की जरूरत नहीं है। अन्य जिलों में इसे पूरा किया गया है। इस संबंध में एसडीएम धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि धरना में शामिल शिक्षक आश्रितों को अपनी मांगों के समर्थन में कागजातों को उन्हें देने की बात कही गई है। जिससे वे जिला पदाधिकारी से अवकाश से आने के बाद बात कर उनकी समस्याओं को हल करा सके. इस मौके पर अनुकंपा शिक्षक अभ्यर्थियों में विरोध जाता रहे सुनील सिंह, यशवंत सिंह, अंकित गौतम, राकेश सिंह, अंकित कुमार, ऋतुराज, शबाना खातून, विकास यादव, आयुष प्रताप, भूषण, मणिकांत, निशांत, नीरज समेत अन्य शामिल रहे।

## एक नजर

### थाने में जमा मोबाइल लेकर लौट रहे युवा ठेकेदार की सड़क हादसे में मौत



**आरा।** जिले के जगदीशपुर थाना अंतर्गत नारायणपुर गांव के समीप आरा-मोहनियां हाईवे पर बुधवार की दोपहर सड़क हादसे में 28 वर्षीय एक ठेकेदार की मौत हो गयी। घटना तब हुई जब थाने में जमा मोबाइल लेकर घर लौटने के दौरान एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृत ठेकेदार मूल रूप से जगदीशपुर थाना क्षेत्र के विमवां मठिया गांव निवासी सुरेश सिंह का पुत्र दिनेश कुमार था। वर्तमान में वह पटना बेउर थाना क्षेत्र के हुलूकपुर में रहता था और वहीं पर ठेकेदारी करता था। वह 10 दिन पहले शराब पीने में जेल गया था। मंगलवार की शाम को जमानत पर ही आया था। मृतक के छोटे भाई महेश कुमार ने बताया कि 10 दिन पहले उसका भाई शराब पीकर वह घर में झगड़ा कर रहा था। तब जगदीशपुर थाना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। मंगलवार की शाम वह जेल से निकल गया था। रात में जगदीशपुर में ही ठहर गया था। उसका मोबाइल थाने में ही जब्त था। बुधवार की दोपहर मोबाइल लेने के लिए जगदीशपुर थाना गया था। वहां से वह मोबाइल लेकर वापस गांव लौट रहा था। नारायणपुर गांव के समीप किसी पिकअप ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दी। सूचना मिलने वे लोग पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें आरा अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन आरा सदर अस्पताल के डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पुलिस अस्पताल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी शांति देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।









# शहरों और गांवों में भी दिखी गणेश महोत्सव की धूम



**केटी न्यूज/मऊ**

रानीपुर ब्लॉक क्षेत्र के काझा गांव में श्री गणेश मित्र मण्डल काझा पश्चिम पोखरा द्वारा गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भव्य गणेश पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बरवां ग्रामसभा के प्रधान प्रतिनिधि प्रेम प्रकाश सिंह व काझा ग्राम सभा के ग्राम प्रधान डॉ रविशंकर उर्फ चन्दन ने फीता काटकर किया। तदुपरान्त अशोक दुबे ने वैदिक मंत्रोचार द्वारा भगवान गणेश जी का विधिवत पूजन कराया और मित्र मण्डल के सभी सदस्यों व पदाधिकारीयों ने भगवान गणेश की आरती करी लगभग दो तीन घंटो तक पूरा क्षेत्र मंगल मन्त्रोंचार, आरती, जयकारा व शंख व घरघण्ट के मंगल ध्वनियों से गुंजायमान होता रहा।

इस अवसर पर श्री गणेश मित्र मण्डल के संस्थापक शैलेन्द्र भारद्वाज ने बताया की यह कार्यक्रम विगत आठ सालों से अनवरत काझा पश्चिम पोखरा शिव मंदिर पर किया जाता है। जिसमें काफी संख्या में क्षेत्र के लोग सम्मिलित होते हैं। कोषाध्यक्ष विपुल शर्मा ने बताया की इस कार्यक्रम में प्रथम दिन भव्य गणेश पूजन दूसरे दिन भजन संध्या तीसरे दिन वृन्दावन का रासलीला और चौथे दिन भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष शेखर गुप्ता, अध्यक्ष राहुल गुप्ता, महामंत्री आशीष गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्णनंद भारद्वाज, मंत्री सौरभ श्रीवास्तव, किशन यादव, पियूष गुप्ता, विकास भारद्वाज, चंदन गुप्ता, अंकित गुप्ता, प्रवीण गिरी मोनू, कुलदीप यादव सनोज राजभर, आनंद दुबे, रिशु दुबे आदि लोग मौजूद रहें।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बलिया।** छपरा रेल खंड के बकुल्हां -मांझी रेलवे स्टेशनों के बीच मांझी रेलपुल एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक की मंगलवार की देर रात कटकर किसी ट्रेन से मौत हो गई। आज बुधवार को सुबह 8 बजे के लगभग घटना की सूचना पर मौके बैरिया थाना के चाँदियर चौकी की पुलिस व बिहार के मांझी थाना की पुलिस मौके पर पहुँच गई। जहाँ मौके पर सीमा विवाद को लेकर दोनों प्रान्तों की पुलिस में कॉफी देर तक बाद विवाद होता रहा। बाद में मांझी पुलिस ने माना कि घटना स्थल बिहार में है। और शव को कब्जे में लेकर मांझी थाने ले गई।

उक्त युवक आसमानी रंग जीन्स पहने हुए था और गले मे सफेद रंग का गमछा डाले हुए था। समाचार भेजे जाने तक मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई है। उसके शव को छपरा जिला अस्पताल के मोर्ग में पहचान के लिए रखा गया है। थानाध्यक्ष मांझी ने बताया कि 72 घंटे तक प्रतीक्षा किया जाएगा। इस बीच पहचान हो जाती है तो ठीक है अन्यथा शव का सरकारी तौर पर अंत्येष्टि कर दिया जाएगा।

# चोरी के आरोपी को महुआ मोड़ से किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

शहर कोतवाली पुलिस ने बुधवार की दोपहर साढ़े 12 बजे चोरी के आरोप में महुआ मोड़ के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 261 ग्राम सोने व चांदी के आभूषण बरामद हुए। जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रूपए हैं। जबकि 8300 रूपए नकद बरामद हुआ। गिरपफ्तार आरोपी अशोक गुप्ता निवासी बेदुआ ने पूछताछ में बताया कि सभी सामान चोरी का है, जिसको वे अलग अलग समय में अलग अलग स्थानों से चुराया है। बताया कि मैंने बीते 16 सितम्बर की रात्रि में मुहल्ला बहादुरपुर के ओमप्रकाश सिन्हा के घर, बीते 13 अगस्त को राजपूत नेवरी, बीते 25 जुलाई को सतनी सराय नई बस्ती, बीते 13 मई को कदम चौराहा के पास मठिया की गली व बीते 27 जून को आनन्द नगर से चोरी किया है। इसमें से कुछ सामान बेच कर उनसे मिला पैसा खर्च कर दिया हूं।



## वांछित अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

**बांसडीह।** बांसडीह कोतवाली पुलिस ने बुधवार की दोपहर दो बजे विश्वास का आपराधिक उल्लंघन, हमला व गालीगलौज के वांछित आरोपी को बांसडीह चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। आरोपी संजय प्रसाद पुत्र राम आसरे रेवाली गांव का रहने वाला है। पुलिस की मानें तो वांछित आरोपी पर आपराधिक उल्लंघन, हमला व गालीगलौज का मुकदमा पंजीकृत है। जिसकी तलाश लम्बे समय से की जा रही थी। लेकिन बुधवार की दोपहर मुखबिर की सूचना पर बांसडीह चौराहे के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### ग्राम पंचायत विकास योजना के जिला क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति की हुई बैठक

# ठोस कार्ययोजना बनाकर करें कार्य तभी इसकी उपयोगिता सिद्ध होगी

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना 2024-25 हेतु जिला क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति की बैठक का आयोजित की गई। बैठक जिला पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण विकास के दृष्टिगत 9 विषयों के माध्यम से एसडीजी (सतत विकास लक्ष्य) स्थानीयकरण की प्राप्ति के लिए एक विषयगत दृष्टिकोण अपनाते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए आयोजित की गई थी। जिला पंचायती राज अधिकारी यतेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत विकास योजना में जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारियों का निर्धारण, ग्राम पंचायत स्तर पर फैसिलिटेटर का चयन, नोडल अधिकारियों एवं फैसिलिटेटर हेतु परिचयात्मक कार्यशाला, अभिमुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन, ग्राम सभा के आयोजन का रोस्टर उसमें अधिकारीयों व कर्मियों की उपस्थिति तथा जीपीडीपी पोर्टल पर ग्राम सभा की समय सारणी अपलोड किया जाना, वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्ययोजना पर विचार-विमर्श आदि विषय शामिल है। वार्षिक कार्ययोजना तैयार किए जाने हेतु ग्राम सभा की कम से कम दो बैठक का अनिवार्य रूप से आयोजन होना है। ग्राम पंचायत में उपलब्ध वित्तीय संसाधन तथा मिशन अंत्योदय सर्वेक्षण में आए क्रिटिकल गैप पर चर्चा कर आवश्यकता अनुसार गतिविधियों का समावेश एवं अंतिम रूप से ग्राम सभा से अनुमोदित कार्य योजना को ई- ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किया जाना जैसे विषय शामिल है। पंचायती राज अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत विकास योजना में स्वास्थ्य, शिक्षा, एनआरएलएम, वन विभाग एवं ग्राम विकास विभाग से नोडल अधिकारी जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त किए जाएंगे।

**फ्रंटलाइन वर्कर्स की नियुक्ति कर बीडीओ को करें सूचित :** जिलाधिकारी ने पंचायती राज अधिकारी से कहा कि पहले फ्रंटलाइन वर्कर्स की नियुक्ति कर बीडीओ को सूचित कर दें। ग्राम पंचायतवार कार्य योजना तैयार कर-के नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। बिना ग्राम पंचायत की बैठक के कोई कार्य योजना नहीं बननी चाहिए, इसकी रिपोर्ट आपको देनी होगी। पूरा गांव सैचुरेशन के अंतर्गत आना चाहिए। जिलाधिकारी ने इस कार्ययोजना में शामिल ग्राम, ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को शासनादेश पढ़ने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से शासनादेश के अनुसार कार्य करके गांव की मूलभूत आवश्यकताओं को समझते हुए ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य करने की सलाह दी । उन्होंने लोगों को इस योजना के शासनादेश में वर्णित विषयों को बिंदुवार समझाने पर जोर दिया और कहा कि तब जाके इस कार्यक्रम की उपयोगिता सिद्ध हो पाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रान्तीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर रतनपुरा का दबदबा कायम

**रतनपुरा (मऊ)।** विद्या भारती के द्वारा आयोजित 34 में प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर रतनपुरा का दबदबा कायम रहा । गत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी सरस्वती शिशु मंदिर रतनपुरा के भैया बहनों ने शिशु वर्ग तथा बाल वर्ग के चैंपियनशिप को मऊ जनपद का नाम रौशन किया है । विद्या भारती के द्वारा आनंद नगर महाराजगंज में सरस्वती शिशु मंदिर मथुरा नगर, आनंद नगर फरिंदा में 34वां प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई । प्रतियोगिता में गोरक्ष प्रांत के अंतर्गत आने वाले सभी जनपदों के सरस्वती शिशु मंदिर के लगभग 1000 खिलाड़ी भैया बहनों ने प्रतिभा किया ।मऊ जनपद से सरस्वती शिशु मंदिर रतनपुरा से 31 खिलाड़ी, सरस्वती शिशु मंदिर दोहरीघाट से दो खिलाड़ी, रसूलपुर से चार खिलाड़ी तथा सरस्वती शिशु मंदिर कोपागंज से तीन खिलाड़ी ने प्रतिभा किया। इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर रतनपुरा के भैया बहनों का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा।






## बायोमेट्रिक के उपरांत तत्समय ही खाद्यान्न का वितरण हो सुनिश्चित

**मऊ।** खाद्य एवं रसद विभाग के अपर आयुक्त जीपी राय ने प्रदेश के समस्त जिला पूर्ति अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है कि बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण/ अंगूठा लगवाने के तत्समय ही लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरण कर दिया जाय,। बहुधा यह शिकायत प्राप्त हो रही है की कुछ उचित दर विक्रेताओं द्वारा अंगूठा लगवाने के तत्समय ही खाद्यान्न का वितरण नहीं किया जा रहा है, जो बिल्कुल उचित नहीं है,। ऐसे उचित दर विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

अपर आयुक्त जीपी राय का कहना है कि समस्त संयुक्त आयुक्त/उपायुक्त खाद्य अपने मंडल में यह सुनिश्चित करें कि ऐसी किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाय, इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित करें कि बायोमेट्रिक के पश्चात तत्समय ही लाभार्थियों में खाद्यान्न का वितरण हो।

# वेतन नहीं मिलने पर फोरलेन सड़क पर काम कर रहे कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**केटी न्यूज/मऊ**

कोपागंज क्षेत्र के ग्राम सभा सहरोज में हो रहे फोरलेन सड़क निर्माण में कार्यरत जे पी ग्रूप के कर्मचारियों का बुधवार को तीन महीने से वेतन नहीं मिलने पर आक्रोश फुट पड़ा और सैकड़ो कर्मचारियों ने कार्य को बंद करते हुए जे पी ग्रुप के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे।प्रदर्शन करने वालो का कहना था कि इस भीषण गर्मी और तपती धुप में ईमानदारी के साथ अपने कार्यो को करने के बाबजूद तीन महीने से वेतन से नहीं मिल रहा है। हालांकि कर्मचारियों ने अपनी विवशता कार्य करा रहे अधिकारियों से कई बार बताया तो सिर्फ आश्वासन मिला। सूचना पर जेपी ग्रुप के ओएसडी विकास राय मौके पर पहुंच गए और कर्मचारियों से बात कर मामले को हल कराया।



कोपागंज क्षेत्र के सहरोज स्थित एनएचएआई का अस्थायी कार्यालय है।जहां पर सैकड़ो मजदूर अन्य प्रांतों से आकर काम करते हैं।तीन महीने से सभी की तनख्वाह नही मिली है जिससे नाराज मजदूरों ने नाराज होकर एनएचएआई सड़क पर खड़े होकर धरना प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन करने वालो में जयप्रकाश, सुनील कन्नौजिया, दिनेश सिंह, अमरजीत चौहान,बृजपाल सिंह, रामकरन, स्वरूप कुमार, रामप्रसाद सहित सभी मजदूरों का कहना था की बच्चो की फीस जमा करनी, खाने के लिए पैसा नही है उधार लेकर काम चल रहा है।अधिकारियों से कहने पर अगले महीने मिल जाएगा कह कर टाल दे रहे हैं। जिससे हम सभी को रोजी रोटी की दिक्क्त आ पड़ी है कहा कि जबतक पैसा नही मिलेगा हम धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। वही सूचना मौके पर पहुंचे जेपी ग्रुप के ओएसडी विकास राय ने मजदूरों से बात कर मामले को हल कराया कहा कि एक हफ्ते में एक महीने का पैसा तथा दूसरे हफ्ते में पूरा बकाया पैसा दे दिया जाएगा। तब जाकर प्रदर्शन मजदूरों ने समाप्त किया।

# कम वसूली पर डीएम ने उपायुक्त व्यापार कर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर एवं अन्य राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक के दौरान व्यापार कर में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 67.83 प्रतिशत उपलब्धि पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उपायुक्त व्यापार कर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने उपायुक्त व्यापार कर को पंजीकरण बढ़ाने को भी कहा जिससे लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति हो सके। स्टांप कर में भी लक्ष्य से 20% कम प्राप्ति पर उन्होंने नई सर्किल रेट यथाशीघ्र लागू करने तथा बड़े बैनमो की सूची प्रस्तुत करते हुए अपर जिलाधिकारी एवम् उप जिलाधिकारी से स्थलीय जांच कराने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान परिवहन कर,आबकारी कर,वनकर एवं खनन कर में भी निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम उपलब्धियो पर जिलाधिकारी ने इसमें वृद्धि लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने एआरटीओ को काली फिल्म लगे वाहनों तथा अन्य प्रदेशों के वाहनों की विशेष जांच कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा जनपद में संचालित आरा मशीनों का गत माह किए गए निरीक्षण कार्यों का विवरण प्रस्तुत करने के भी निर्देश जिलाधिकारी ने डीएफओ को दिए। विद्युत कर वसूली की समीक्षा के दौरान निर्धारित लक्ष्य की सापेक्ष मात्र 48 प्रतिशत प्राप्ति पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए।

## हत्यारोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बलिया।** चिलकहर गांव में चाकू मारकर युवक की हत्या के मामले में गड़वार थाने की पुलिस ने बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे एक आरोपी को संवरा चट्टी के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम रोहित कन्नौजिया पुत्र संजय कन्नौजिया निवासी हैबतपुर है। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते शुक्रवार की दोपहर चिलकहर गांव में संदीप राम की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 12 लोगों के खिलाफ गड़वार थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। गड़वार थाना पुलिस ने संवरा चट्टी के पास से आरोपी रोहित कन्नौजिया को गिरफ्तार किया। आरोपी रोहित कन्नौजिया को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया गया।




